>

Title : Need to expedite award of work for construction of railway wagons to the lowest bidder i.e. M/s CIMMCO BIRLA LIMITED, Bharatpur, Rajasthan.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): सिमको बिरला लिमिटेड निजी क्षेत्र की फैक्ट्री है। फैक्ट्री भरतपुर (राजस्थान) में स्थित है। फैक्ट्री में मूल रूप से रेलवे वैगन्स का निर्माण किया जाता रहा है। प्रतिमाह लगभग 500 वैगन्स बनाये जाते रहे हैं। ये वैगन्स सिमको बिरला लिमिटेड द्वारा अधिकांश भारतीय रेलवेज को ही सप्लाई किये जाते हैं। वैगन्स आर.डी.एस.ओ. के मानदण्डों के अनुरूप निर्मित किये जाते हैं। अभी दिसम्बर 2008 में रेलवे बोर्ड द्वारा वैगन्स के क्रय करने हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई। उसमें सिमको बिरला लिमिटेड द्वारा निविदाएं प्रस्तुत की गयी हैं। दी गयी जानकारी के अनुसार सिमको बिरला लिमिटेड न्यूनतम कर दाता है। रेलवे बोर्ड वैगन्स निर्माण के क्रय आदेश मिलते ही वैगन्स का निर्माण प्रारंभ हो सकेगा तथा फैक्ट्री पुनः हो सकेगी।

रेलवे बोर्ड, रेलवे मंत्रालय के अधीन कार्यरत है। न्यूनतम कर दाता को क्रय आदेश दिया जाना न्यायोचित है। जिससे वैगन्स का आदेश मिलने पर फैक्ट्री चालू हो सके व मजदूर, किसान, व्यापारियों को रोजगार मिल सकेगा। इससे लगभग 5000 मजदूर व अधिकारियों को सीधा रोजगार मिल सकेगा।